# गंदे पानी की शिकायत पर घर-घर पहुंची कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 जनवरी.** सीएम हेल्प लाइन पर गंदे पानी की शिकायत सामने आने पर कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने लक्ष्मण तलैया पहुंचकर वस्तुस्थिति जानी। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता से चर्चा की और उनके घर के अंदर

**कहीं भी गंदे पानी की शिकायत न रहे, दिए निर्देश**

जाकर पानी चैक किया। निरीक्षण से पूर्व गंदे पानी की समस्या का पीएचई विभाग द्वारा निराकरण कर दिया गया था। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित पीएचई विभाग का अमला मौजूद रहा।

कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने निर्देश दिए हैं कि गंदे पानी एवं सीवर की समस्या की शिकायत प्राप्त होने पर उसका

तत्काल निराकरण किया जाए, इसमें जरा भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जो भी इसमें लापरवाही बरतेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

लक्ष्मण तलैया के नीचे डीपीएस स्कूल के पास गंदा पानी आने की शिकायत सीएम हेल्प लाइन पर की गई थी। शिकायत का पता चलने पर कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डीपीएस स्कूल के आसपास क्षेत्रवासियों से चर्चा की और वस्तुस्थिति को जाना।

इस दौरान कलेक्टर ने लक्ष्मण तलैया पर सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया और उसकी रंगाई पुताई आदि करने के निर्देश

**बर्तनों रखा पानी किया चैक**

उन्होंने लोगों के घरों में पहुंचकर बर्तनों में रखे पानी को चैक किया। निरीक्षण के दौरान पानी साफ मिला। इसके बाद कलेक्टर ने लक्ष्मण तलैया स्थित पानी की टंकी का निरीक्षण किया। पानी की टंकी की सफाई कुछ दिन पूर्व ही की गई थी। कलेक्टर ने पानी की टंकी सफाई की तिथि डालने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिए। साथ ही निर्देष दिए है कि हर छह माह में पानी की टंकी की सफाई की जानी चाहिए।

अधिकारियों को दिए। उन्होंने शीलनगर में डाली जा रही पानी की लाइन का निरीक्षण भी किया। साथ ही क्षेत्रवासियों से बात की। कलेक्टर ने पानी की लाइन के कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# वारदात से पहले धरा अवैध हथियारधारी बदमाश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 जनवरी.** आपराधिक वारदत को अंजाम देने की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहे बदमाश को घाटीगांव थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पहले ही धर दबोचा, जिसके

**आरोपी के कब्जे से 315 बोर का लोडेड कट्टा जब्त**

कब्जे से 315 बोर का लोडेड कट्टा बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कायमी की गई है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त व उन्हें रखने वालों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में घाटीगांव थाना पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि क्षेत्र में स्थित रेल अंडर

ब्रिज के पार जदीदराई रोड की पुलिया पर एक बदमाश किसी वारदात की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूमता देखा गया है। उक्त जानकारी एएसपी जयराज कुबेर को दिए जाने पर उन्होंने तुरंत घाटीगांव एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाने की टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया, तो वहां मौजूद एक संदिग्ध युवक ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी। जिसे पहले से ही अलर्ट पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए धर दबोचा। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का लोडेड कट्टा बरामद हुआ। आरोपी को थाने लाकर की गई पूछताछ में उसने अपना नाम ऋतुराज उर्फ लल्ला गुर्जर पुत्र उदय सिंह गुर्जर (21) निवासी आंतरी घाटीगांव बताया है।

**पूर्व से दर्ज है हत्या के प्रयास का प्रकरण**

उक्त मामले की विवेचना कर रहे एसआई शिवसिंह गुर्जर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पूर्व से घाटीगांव थाने में ही हत्या के प्रयास का प्रकरण पंजीबद्ध है, जिसमें वह जमानत पर छूटा था। इसके बाद अब अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिसके विरूद्ध धारा 25/27 के आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल पहुंचा दिया गया है।

# डबरा में बस दुर्घटना, घायलों को देखने कलेक्टर पहुँची अस्पताल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 जनवरी.** डबरा तहसील के घोघा तिराहे के पास यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इस हादसे में घायल हुए लोगों को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के ट्रामा सेंटर रेफर

**कलेक्टर ने जाना घायलों का हाल, 10-10 हजार की राशि देने के निर्देश**

किया गया था, जहाँ वर्तमान में उनका उपचार जारी है।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर श्रीमती चौहान ट्रामा सेंटर पहुँचीं और वहाँ भर्ती घायलों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों

के परिजनों से भी चर्चा कर उन्हें ढांढस बंधाया। कलेक्टर ने ट्रामा सेंटर के चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिए कि सभी घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाए।

उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही या संसाधनों की कमी न होने दी जाए। मरीजों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए रेड क्रॉस के माध्यम से प्रत्येक गंभीर घायल मरीज को 10-10 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# चार दिन में 1049 नलकूपों का क्लोरिनेशन, 192 लीकेज दुरुस्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 जनवरी.** शहरवासियों को शुद्ध, सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ग्वालियर का पीएचई अमला पूरी तत्परता और सतर्कता के साथ लगातार कार्य कर रहा है। निगमायुक्त संघ प्रिय

**निगमायुक्त के निर्देशन में ग्वालियर में शुद्ध पेयजल को लेकर पीएचई अमला पूरी तरह मुस्तैद**

के निर्देशन में बीते तीन चार दिनों में व्यापक स्तर पर कार्यवाही करते हुए 1049 नलकूपों में क्लोरिनेशन कराया गया, वहीं पानी की लाइनों के 192 लीकेज दुरुस्त किए गए हैं। नगर निगम द्वारा जल प्रदाय करने वाली 15 टंकियों की सफाई कराई गई है। इसके साथ ही शहर की विभिन्न टंकियों एवं नागरिकों के घरों तक पहुंचने वाले पानी के

लगभग 274 सैंपलों की गुणवत्ता जांच कराई गई। सीवर एवं दूषित पानी से संबंधित 311 शिकायतों का सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से सफल निराकरण किया गया। शहर के नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम ग्वालियर के पीएचई अमले द्वारा नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशन में तत्परता एवं सतर्कता से लगातार कार्य किया जा रहा है। जिससे शहर के नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में सहायक यंत्री प्रवीण दीक्षित द्वारा 19 पानी के लीकेज, 192 नलकूपों में क्लोरिनेशन एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त सीवर एवं पेयजल से संबंधित 36 शिकायतों का निराकरण कराया गया। साथ ही 34 स्थानों से पानी के सैंपल भरकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई गई। सहायक यंत्री रामसेवक शाक्य द्वारा 39 पानी के लीकेज, 307 नलकूपों में क्लोरिनेशन एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त सीवर एवं पेयजल से संबंधित 28 शिकायतों का निराकरण कराया गया। साथ ही 46 स्थानों से पानी के सैंपल भरकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई गई। सहायक यंत्री विपिन दुबे द्वारा 21 पानी के लीकेज, 47 नलकूपों में क्लोरिनेशन एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त सीवर एवं पेयजल से संबंधित 48 शिकायतों का निराकरण कराया गया। साथ ही 20 स्थानों से पानी के सैंपल भरकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई गई। सहायक यंत्री कार्तिक पटेल द्वारा 55 पानी के लीकेज, 160 नलकूपों में क्लोरिनेशन एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त सीवर एवं पेयजल से संबंधित 45 शिकायतों का निराकरण कराया गया। साथ ही 56 स्थानों से पानी के सैंपल भरकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई गई। सहायक यंत्री अवनीश गुप्ता द्वारा 28 पानी के लीकेज, 123 नलकूपों में क्लोरिनेशन एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त सीवर एवं पेयजल से संबंधित 58 शिकायतों का निराकरण कराया गया। साथ ही 46 स्थानों से पानी के सैंपल भरकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई गई। सहायक यंत्री महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल द्वारा 30 पानी के लीकेज, 220 नलकूपों में क्लोरिनेशन एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त सीवर एवं पेयजल से संबंधित 96 शिकायतों का निराकरण कराया गया। साथ ही 72 स्थानों से पानी के सैंपल भरकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई गई। इसके साथ ही सहायक यंत्री हेमंत शर्मा द्वारा शेड्यूल बनाकर शहर की पानी की टंकियों की सफाई कराई जा रही है।

# 'शौर्य के कदम, क्रांति की ओर' एनसीसी साइकिल दल ग्वालियर आया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 जनवरी.** पुणे से दिल्ली तक संचालित एनसीसी पीएम रैली-2026 के अंतर्गत 'शौर्य के कदम, क्रांति की ओर' थीम पर आधारित एनसीसी साइकिल अभियान का 20 सदस्यीय दल ग्वालियर पहुँचा। इस अभियान का आयोजन एनसीसी निदेशालय महाराष्ट्र द्वारा किया जा रहा है, जिसका नेतृत्व ब्रिगेडियर सचिन गवली, ग्रुप कमांडर, अमरावती ग्रुप कर रहे हैं। इस साइकिल अभियान का उद्देश्य युवाओं में साहस, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम, शारीरिक फिटनेस एवं सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करना है। ग्वालियर आगमन पर

साइकिल दल ने नगर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का अवलोकन किया और भारत की गौरवशाली विरासत से परिचय प्राप्त किया। अभियान के दौरान कैडेट्स द्वारा सामाजिक जागरूकता विषयों पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता, नशामुक्ति, फिटनेस एवं नागरिक कर्तव्यों का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को देशभक्ति एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित किया गया। इसके साथ ही अभियान में महान योद्धा पेशवा बाजीराव प्रथम के शौर्य, रणनीतिक कौशल एवं राष्ट्ररक्षा में उनके अतुलनीय योगदान को भी रेखांकित किया गया। कैडेट्स ने पेशवा बाजीराव के जीवन से प्रेरणा लेते हुए युवाओं से साहस, नेतृत्व और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।

ग्वालियर में अभियान दल का स्वागत 15 एमपी बटालियन एनसीसी द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अनिल जेठालिया, डीआईजी अमित संघी आईपीएस, वाइस चांसलर कृषि विश्वविद्यालय, कार्यवाहक कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव सरीन, कर्नल सुमित दुआ, मेजर सुनील पाठक, लेफ्टिनेंट सत्यप्रकाश सहित अन्य एनसीसी अधिकारी, कैडेट्स एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एक संक्षिप्त स्वागत समारोह का आयोजन भी किया गया। उल्लेखनीय है कि साइकिल दल ने 24 दिसंबर 2025 को पुणे से यात्रा प्रारंभ की थी। यह दल प्रतिदिन औसतन 70 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए विभिन्न शहरों से होकर लगभग 1680 किलोमीटर की यात्रा पूरी करेगा तथा 16 जनवरी 2026 को नई दिल्ली पहुँचेगा। अभियान का समापन 28 जनवरी 2026 को एनसीसी परेड ग्राउंड, नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी पीएम रैली के दौरान फ्लैग-इन समारोह के साथ होगा।

# बेटे-बहू से विवाद पर पिता ने लायसेंसी बंदूक से ठोके फायर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जनवरी. बेटे-बहू से हुए विवाद में गुस्साए पिता ने गाली- गलौज करते हुए अपनी लायसेंसी बंदूक से फायरिंग कर दी, वह तो गनीमत रही कि गोली किसी को लगी नहीं। घटना जनकगंज थाना इलाके की है, जिसमें पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के उपरांत तत्परता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। जगन्नाथ कुशवाह का आरोपी जनकगंज थाना गोल निवासी रवि कुशवाह व उसकी पत्नी से विवाद हो गया। कहा- सुनी से शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में इतना बढ़ गया, कि उनके बीच धक्का-मुक्की होने लगी। इससे गुस्साए जगन्नाथ ने बहू- बेटे से गाली-गलौज करना शुरू कर दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उसने अपनी 12 बोर की लायसेंसी बंदूक निकालकर फायर ठोक दिए। उसके खतरनाक इरादे देख बेटा- बहू ने जैसे-तैसे छुपकर अपनी जान बचाई। वहीं देर रात गोली चलने से क्षेत्रवासी दहशत में आ गए। घटना की सूचना पाकर कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# 11 उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस

**ग्वालियर, 9 जनवरी।** सीवर एवं पेयजल से संबंधित सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं करने पर 11 उपयंत्री एवं प्रभारी उपयंत्री सीवर एवं पेयजल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा जारी आदेशानुसार सीएम हेल्प लाइन में प्रभारी उपयंत्री सूरज प्रताप सिंह की वार्ड 19 में 47 शिकायतें, उपयंत्री वेदप्रकाश चौहान की वार्ड 38 एवं 65 में 54 शिकायतें, प्रभारी उपयंत्री शैलेन्द्र दीक्षित की वार्ड 18 अंतर्गत 139 शिकायतें, उपयंत्री सुशील साहू की वार्ड 60 में 34 शिकायतें, उपयंत्री संदीप श्रीवास्तव की वार्ड 4 एवं 5 में 45 शिकायतें, प्रभारी उपयंत्री आदित्य पाण्डेय की वार्ड 25 में 22 शिकायतें, प्रभारी उपयंत्री अर्जुन बाथम की वार्ड 19 में 47 शिकायतें, प्रभारी उपयंत्री निरंजन सिंह तोमर की वार्ड 7 में 20 शिकायतें, प्रभारी उपयंत्री शिवेन्द्र सिंह जादौन की वार्ड 18 एवं 21 में 172 शिकायतें, प्रभारी उपयंत्री जगदीश सेन की वार्ड 3 में 20 शिकायतें, प्रभारी उपंयत्री कपिल देव कुशवाह की वार्ड 41 में 4 शिकायतें लंबित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# स्वर्ण पदक विजेता खुशबू निषाद का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 जनवरी.** कु. खुशबू निषाद मार्शल आर्ट एशियन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता का ग्वालियर आगमन पर कई जगहों पर स्वागत कार्यक्रम हुए। इसी क्रम में सूबे की गोट में जोरदार स्वागत समारोह किया गया। खुशबू निषाद ने लेविनान में हुए मार्शल आर्ट में स्वर्ण पदक प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर स्वर्ण पदक विजेता कु.खुशबू निषाद का स्वागत समाज बन्धुओं व सभी संगठनों एवं पार्षद गणों द्वारा किया गया।

स्वागत करने वालों में केशव माझी प्रदेश अध्यन माझी समाज, चांदनी जंगवहादुर सिंह चौहान पार्षद वार्ड 35, अतुलवादम राहुल माझी, एडवोकेट गोविन्द

सिंह, सत्यम वाथम, शुभम बाथम, सन्तोष बाथम, दोचक माझी, राजेश मोझी, अचनी माझी अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ, दीपक माझी पार्षद वार्ड 6, मनोज भासी, मदन बाथम जिला अध्यक्ष भासी समाज, सूरज बाथम, विकाय माझी, जगदीश वाथम उपाध्यक्ष माझी समाज आदि उपस्थित रहे।

# 11 जनवरी को चीनौर में लगेगा नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 जनवरी.** सहारा हॉस्पिटल सोफिया कॉलेज कैंपस, महलगाँव, सिटी सेंटर द्वारा जनसेवा की अपनी गौरवशाली परंपरा को जारी रखते हुए आगामी

**सहारा हॉस्पिटल की पहल**

11 जनवरी रविवार, राज वाटिका, जयगुरुदेव मार्केट, सेंट्रल बैंक के पास, शीतला माता रोड, चीनौर में एक विशाल नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मरीजों को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद जांच एवं सामान्य स्वास्थ्य परामर्श जैसी सुविधाएं मिलेगी। सहारा हॉस्पिटल के संचालक एवं सुप्रसिद्ध नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. ए.एस. भल्ला के मार्गदर्शन में यह अस्पताल आज ग्वालियर-चंबल संभाग सहित मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। डॉ. भल्ला ने जटिल सर्जरी, जैसे कि 3 माह के मासूम की श्वास नली से बाहरी वस्तु निकालकर जान बचाना, में कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

**एक ही छत के नीचे संपूर्ण उपचार**

सहारा हॉस्पिटल इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल से संबद्ध एक मल्टी-स्पेशिलिटी सेंटर है। यहाँ की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं- 24 घंटे इमरजेंसी सेवा : गंभीर मरीजों के लिए राउंड द क्लॉक आपातकालीन सेवाएं। आयुष्मान योजना : पात्र मरीजों के लिए पूर्णत : नि:शुल्क इलाज की सुविधा। एमएलसी एवं ट्रॉमा सेंटर : गोली लगने (गनशॉट) या एक्सीडेंट के गंभीर मामलों में त्वरित और सफल उपचार। कैशलेस इलाज : प्रमुख स्वास्थ्य बीमा धारकों के लिए कैशलेस उपचार की सुविधा। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर : अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर और सभी प्रकार की पैथोलॉजी जांचें एक ही छत के नीचे उपलब्ध। चीनौर क्षेत्र की जनता और विशेषकर आँखों की बीमारियों या मोतियाबिंद से ग्रसित मरीज इस शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह का लाभ उठा सकते हैं।


**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER**
**M.P.STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
**26-Arera Hills, Jail Road, Bhopal**
**No./Const./BN/Gwl/25-26/2294** **Bhopal, Dated : 09.01.2026**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from Contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for : **Tender Number : 2026_MPSAM_474443 (PAC amount Rs. 77.62 Lakh)** C.C. Road at Mandi Yard Magroni Distt. Shivpuri. The following Works Tender to be received Online **up to 17:00 on 02.02.2026.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **https://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**
**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www. mpmandiboard.gov.in**

**EXECUTIVE ENGINEER**
M.P. Madhyam/123921/2026 **(PROJECT CELL)**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 ग्वालियर**
फोन नं. 0751-2371231 ईमेल: eepwd1gwl@nic.in
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 22/टी.सी./डी-1 ग्वा./2025-26 दिनांक 31/12/2025
मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 22 ग्वालियर दिनांक 31/12/2025 द्वारा प्रचलित भवन/पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.01.2024/11.04.2025 पर निविदायें लो.नि.वि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं जिसका सम्पूर्ण विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेवसाइड पर ही देखें पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

| स. क्र. | टेन्डर आई.डी. | कार्य का नाम | (1) ठेके की अनु. लागत राशि रू (2) अमानत राशि | टेण्डर फार्म की राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | 1. पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWDRB_472283_1 | लोक निर्माण विभाग पथ उपसंभाग ग्वालियर के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर एस.टी.एम.सी. योजना के तहत मरम्मत कार्य। | 1.20.00 लाख 2.40000/- | 2000/- (पोर्टल चार्ज) | दिनांक 31.03.2026 | लो.नि.वि.में पंजीकृत ठेकेदार |
| 2. | 2025_PWDRB_472284_1 | लोक निर्माण विभाग डबरा उपसंभाग डबरा के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर एस.टी.एम.सी. योजना के तहत मरम्मत कार्य। | 1.19.96 लाख 2.39920/- | 2000/- (पोर्टल चार्ज) | दिनांक 31.03.2026 | |
| 3. | 2025_PWDRB_472285_1 | लोक निर्माण विभाग निर्माण उपसंभाग ग्वालियर के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर एस.टी.एम.सी. योजना के तहत मरम्मत कार्य। | 1.19.83 लाख 2.39660/- | 2000/- (पोर्टल चार्ज) | दिनांक 31.03.2026 | |

कुल कार्य संख्या 03 (तीन)
ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरम्भ तिथि 01/01/2026 प्रात: 10:30
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14/01/2026 सांय: 17:30
ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि 16/01/2026 प्रात: 11:00
निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाइड पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, सभाग क्र. 1, ग्वालियर (म.प्र.)**
**फोन 07512371231**
G-24140/25



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दतिया (म.प्र.)**
Email Id-phe_datia@yahoo.com Phone No. 07522-237520
नि.आं.सू.कं. 45/का.य./लो.स्वा.यां.वि./खण्ड/2025-26 दतिया/दिनांक 07.01.2026

**//ई- निविदा आमंत्रण सूचना // // // द्वितीय आमंत्रण //**

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाईन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 19.01.2026 को सांय 5.30 बजे तक कय तथा दिनांक 08.01.2026 को दोपहर 01:00 बजे से दिनांक 19.01.2026 को सांय 5.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है। तथा निविदाकार द्वारा निविदा में प्रस्तुत दरो की बिड दिनांक 21.01.2026 को प्रात: 11:00 बजे खोली जावेगी। निविदाकार द्वारा निविदा में प्रस्तुत समस्त दस्तावेज मय धरोहर राशि के ऑनलाईन ही जमा करने होंगे। इन्हें भौतिक रूप से जमा नही किया जायेंगा। निविदा में संशोधन की स्थिति में बेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एंव शर्ते व अन्य जानकारी उक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| सं. क्र. | निविदा सिस्टम क्रमांक | जिला | कार्य | संख्या | अनुमानित लागत (PAC) (रू. लाख में) | धरोहर (EMD) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2025_PHED_473880_1 | दतिया | Preparation of Detailed Project Reports for "Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission to supply drinking water through Functional Household Tap Connections of various villages of Block: Datia, Bhander, & Seondha Distt. Datia (M.P.) including survey and investigation, design, drawing, preparation of estimates and BOQ" etc. complete. (Datia 21 Nos, Bhander- 29 Nos & Seondha - 32 Nos Total DPR =82 Nos) | 82 Nos | 11.32 | 22640/- | 2000/- | 30 Days Including Rainy Season |

G-24167/25
**कार्यपालन यंत्री (प्रवर्योरमेन्ट)**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग**
**खण्ड दतिया (म.प्र.)**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95